भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2575
दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में चिकित्सा उपकरण विनिर्माण पार्क

2575 श्रीमती सुलता देवः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ओडिशा में एक चिकित्सा उपकरण विनिर्माण पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): औषध विभाग ने दिनांक 21.07.2020 को वर्ष 2020-2021 से वर्ष 2027-2028 तक की योजना अवधि के साथ"चिकित्सा उपकरण पार्कों का संवर्धन" योजना को अधिसूचित किया था। इस योजना के अन्तर्गत, 16 राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3 का चयन किया गया था। ये हैं नोएडा (उत्तर प्रदेश), उज्जैन (मध्य प्रदेश) और कांचीपुरम (तमिलनाडु)।

*****